BULANDSHAHRPOLICE

दिनांक- 23 सितम्बर 2023 **थाना बीबी नगर**

01 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 मोटरसाइकिल, अवैध असलहा, कारतूस आदि बरामद

जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 23.09.2023 को थाना बीबी नगर पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग के दौरान पोटा कबूलपुर मोड़ के पास से 01 अभियुक्त को चोरी की एक स्प्लेण्डर प्लस मोटरसाइकिल, अवैध असलहा मय कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना बीबी नगर पर मुअसं- 193/2023 धारा 411, 414, 420 भादवि व 3/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1- विकास उर्फ बादल पुत्र बाबू निवासी ग्राम कुराना थाना सिम्भावली जनपद हापुड़।

बरामदगी-

1- 01 मोटरसाइकिल स्प्लेण्डर प्लस नम्बर UP-16BL-9385 (सही नम्बर)

2- 01 तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस

गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा मोटरसाइकिल नम्बर UP-16BL-9385 को जनपद हापुड़ के थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र से चोरी किया गया था जिसके सम्बन्ध में थाना गढ़मुक्तेश्वर पर मुअसं- 398/23 धारा 379 भादवि पंजीकृत है। अभियुक्त द्वारा पकड़े जाने से बचने के लिए मोटरसाइकिल पर फर्जी नम्बर प्लेट लगायी गयी थी।

गिरफ्तार करने वाली टीम

1. श्री पटनीश कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना बीबी नगर।
2. उ0नि0 अजय सिंह।
3. का0 अंकुर, का0 कपिल देव

मीडिया सैल बुलन्दशहर